पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

## UPJEE (Polytechnic)–2026 : प्रवेश से वंचित छात्रों को योगी सरकार का एक और मौका

## डिप्लोमा इंजीनियरिंग में छठे और सातवें चरण की अतिरिक्त काउंसलिंग 21 अगस्त से शुरू

## 14 सितंबर तक ले सकेंगे प्रवेश, jeecup.admissions.nic.in पर जारी हुआ शेड्यूल

लखनऊ : 19 अगस्त, 2026

संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद ने UPJEE (Polytechnic)–2026 के तहत प्रवेश से वंचित अथवा प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण न कर पाने वाले अभ्यर्थियों को एक और अवसर दिया है। परिषद द्वारा डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं अन्य पाठ्यक्रमों (फार्मेसी को छोड़कर) में छठे और सातवें चरण की अतिरिक्त काउंसलिंग का आयोजन 21 अगस्त से किया जाएगा। अभ्यर्थियों को 14 सितंबर 2026 तक प्रवेश लेने का अवसर मिलेगा।

सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की ओर से 25 जून से 14 अगस्त, 2026 के बीच डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं अन्य पाठ्यक्रमों की मुख्य एवं विशेष काउंसलिंग कराई गई थी। इसके बाद भी प्रवेश से वंचित रह गए अथवा प्रवेश प्रक्रिया पूरी नहीं कर सके अभ्यर्थियों को एआईसीटीई के नवीन एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार अतिरिक्त अवसर प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि 21 अगस्त से 10 सितंबर, 2026 तक छठे एवं सातवें चरण की अतिरिक्त ऑनलाइन काउंसलिंग होगी। इसमें उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों के सभी NON-ADMITTED (QUALIFIED) अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे। यह काउंसलिंग ग्रुप–A, B, C, D, F, G, H, I, K1 से K8 एवं L के लिए आयोजित की जाएगी।

छठे चरण में योग्य अभ्यर्थियों के लिए च्वाइस फिलिंग 21 से 23 अगस्त तक होगी। सीट आवंटन 24 अगस्त को किया जाएगा। सीट मिलने के बाद ऑनलाइन फ्रीज विकल्प तथा सिक्योरिटी एवं काउंसलिंग फीस जमा करने की प्रक्रिया 25 से 28 अगस्त तक चलेगी। इस चरण में फ्लोट विकल्प उपलब्ध नहीं होगा। केवल फ्रीज किए गए अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन जिला सहायता केंद्रों पर 25 से 29 अगस्त को शाम 6 बजे तक होगा। छठे चरण में आवंटित सीट से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अगस्त तथा संस्था में रिपोर्टिंग की अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित की गई है।

सातवें चरण के लिए च्वाइस फिलिंग 1 से 3 सितंबर तक होगी और सीट आवंटन 4 सितंबर को किया जाएगा। सभी अभ्यर्थियों के लिए सीट ऑटो फ्रीज होगी तथा सिक्योरिटी एवं काउंसलिंग फीस 5 से 7 सितंबर तक जमा की जा सकेगी। सातवें चरण में दस्तावेज सत्यापन 5 से 8 सितंबर को शाम 6 बजे तक होगा। आवंटित सीट से नाम वापस लेने की

अंतिम तिथि 9 सितंबर और संस्था में रिपोर्टिंग की अंतिम तिथि 10 सितंबर निर्धारित की गई है।

परिषद ने अभ्यर्थियों से निर्धारित समय–सारणी के अनुसार सभी प्रक्रियाएं समय से पूरी करने की अपील की है। काउंसलिंग से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं शेड्यूल परिषद के आधिकारिक पोर्टल jeecup.admissions.nic.in पर उपलब्ध है।

---

सम्पर्क सूत्र– अमरेश कुमार

राम यतन／06:42 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in